प्रधान मंत्री आवास योजना—शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojna-Urban

# अधिकारियों ने बिरसानगर किफायती आवास परियोजना का जायजा लिया

## संवेदक को दिए कई जरूरी निर्देश

## बिरसानगर आवास परियोजना का निरीक्षण



**जमशेदपुर.** प्रधानमंत्री आवास योजना की टीम ने शुक्रवार को प्रस्तावित बिरसानगर किफायती आवास परियोजना का निरीक्षण किया. टीम ने संबंधित संवेदक को गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने, परियोजना से संबंधित बोर्ड लगाने तथा कार्य में लगे सभी लोगों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. टीम में योजना के नोडल पदाधिकारी राहुल कुमार, टाउन प्लानर दीपक मांझी, जुडको के प्रोजेक्ट मैनेजर धनंजय कुमार, डीपीएम, एपीएम सहित संवेदक उपस्थित थे. बिरसानगर किफायती आवास परियोजना में कुल 9,592 आवास का निर्माण कार्य किया जाना है.